
वर्ष-01, अंक-162
छपरा
शनिवार 13 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी बोले- ED के सिर्फ 3प्रतिशत मामले नेताओं से जुड़े,जांच एजेंसी ने कांग्रेस सरकार में 35 लाख

## हमारी सरकार में 2 हजार करोड़ जब्त किए



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि श्रष्ठ भ्रष्टाचार के जितने मामलों की जांच कर रही है, उसमें सिर्फ 3त्न मामले राजनीतिक लोगों से जुड़े हैं। बाकी के 97% मामले अफसरों और अपराधियों के खिलाफ हैं। पीएम मोदी ने एक अखबार को दिए एक इंटरव्यू में कहा- ED ने 2014 से पहले केवल 34 लाख रुपए कैश जब्त किए थे, जबकि भाजपा की सरकार में उसने 2,200 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश जब्त किए हैं। मोदी ने कहा- जिनपर ED की तलवार लटकी है, वे नैरेटिव फैला रहे हैं कि हम सिर्फ राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। जबकि, ED ने कई भ्रष्ट अफसरों को गिरफ्तार किया है। अवैध फंडिंग से जुड़े अपराधियों और ड्रग डीलरों की हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त की हैहम उन राज्यों में भी एक्शन ले रहे हैं, जहां भाजपा सत्ता में है। देश के लोगों को पहली बार भाजपा मॉडल और कांग्रेस मॉडल की तुलना करने का मौका मिला है। सिर्फ देश ही नहीं दुनिया दोनों के बीच का अंतर देख रही है। श्रष्ठ का विरोध वो कर रहे हैं, जो करप्ट सिस्टम में अपना फायदा देखते हैं।

**पीएम बोले- ED ने पिछले 10 साल में 2 हजार करोड़ जब्त किए:** PM ने कहा- 2014 से पहले ED ने केवल 5,000 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। पिछले 10 सालों में यह राशि एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई है। हमने 2014 में सरकार बनने के तुरंत बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कई स्तर पर कदम उठाए। हमने केंद्रीय भर्तियों में ग्रुप सी और ग्रुप डी इंटरव्यू खत्म किए। हमने 10 करोड़ से अधिक फर्जी लाभार्थियों के नाम हटाए, जो थे ही नहीं। ऐसा करके सरकार ने 2 लाख 75 हजार करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए।

**मोदी बोले- लोगों में नहीं, विपक्ष में चुनाव को लेकर सुस्ती:** मोदी से इंटरव्यू में पूछा गया कि ऐसी धारणा है कि इस बार के चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह नहीं है। इस पर आप क्या कहेंगे? मोदी ने कहा- सुस्ती चुनाव में नहीं, विपक्ष में है। उन्हें पता है कि इस बार फिर से NDA की सरकार बनेगी। वे तो चुनाव प्रचार से भी कतरा रहे हैं।

कई लोगों ने तो मतदान शुरू होने से पहले ही EVM (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को दोष देना शुरू कर दिया है। भाजपा के तीसरे कार्यकाल को लेकर जमीनी स्तर पर लोगों में उत्साह दिख रहा है।2024 का चुनाव राजनीतिक विशेषज्ञों के लिए भी अध्ययन का विषय होने वाला है।

## राहुल बोले- ED, CBI और IT केंद्र के राजनीतिक हथियार

### भारत में विचारधारा की लड़ाई; एक तरफ स्वतंत्रता और समानता, दूसरी तरफ RSS और मोदी



**तिरुनेलवेली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार (12 अप्रैल) को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चुनावी सभा की। राहुल ने कहा कि भारत में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ न्याय, स्वतंत्रता और समानता है। दूसरी तरफ RSS, PM मोदी और उनकी सरकार है।

कांग्रेस सांसद ने कहा- केंद्र सरकार ED, CBI और IT का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। प्रधानमंत्री खुद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं। कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिए गए। विपक्षी नेताओं को धमकी दी जा रही है।

राहुल ने कहा- भारत में कई भाषाएं, संस्कृति और इतिहास है। हमारे लिए सब बराबर और जरूरी है। हालांकि, मोदी कहते हैं कि एक देश, एक नेता और एक भाषा होनी चाहिए। इसी बात की लड़ाई है। तमिल, बंगाली और देश की दूसरी भाषाओं के बिना भारत पूरा नहीं हो सकता।

राहुल ने आगे कहा- भाजपा के नेता खुलेआम कहते हैं कि अगर वे फिर से सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे। पीएम मोदी को केवल इस बात की परवाह है कि इस देश के वित्त और संचार प्रणाली पर उनका एकाधिकार है। पहले पूरी दुनिया भारत को लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ कहती थी। वे आज कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र अब लोकतंत्र नहीं रहा।

## मंत्री श्रवण कुमार ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- पप्पू यादव के राजनीतिक साजिश वाले बयान पर पलटवार, कहा- कानून को अंगूठा दिखाने वाले पर कारवाई लाजिमी



**पूर्णिया,एजेन्सी।** बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार शुक्रवार को पूर्णिया पहुंचे। एक निजी होटल में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने एनडीए सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाई। बिहार की सभी 40 सीटें जीतने का दावा किया और कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 400 सीटें पाने का जो लक्ष्य रखा है उसे पाने में हम सभी कामयाब होंगे।

वहीं, पप्पू यादव के कार्यालय में हुई छापेमारी और पुलिस की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार देने वाले पप्पू यादव के बयान पर मंत्री श्रवण कुमार ने पलटवार किया। प्रेम कुमार ने कहा कि अगर कोई कानून को अंगूठा दिखाएगा, नियम और कानून को तोड़ेगा पुलिस निश्चित तौर पर उनके घर पहुंचेगी। पुलिस की कार्रवाई भी होगी।

सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के जिलों में मैने भ्रमण किया है। जनता से सीधे तौर पर मिल रहा हूं। वहां जाकर जब देखता हूं, तो लगता है प्रधानमंत्री मोदी और सीएम नीतीश कुमार के 10 साल में किए गए काम ने बिहार की तस्वीर बदली है। सरकार की योजनाएं हर एक तबके तक पहुंच रही है। समाज के हर वर्ग के लोग सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि पूर्णिया का चुनाव पहले भी जीत चुके हैं। साल 2014 में जब जदयू को सिर्फ दो सीटें आई थी। उसमें से एक सीट पूर्णिया लोकसभा का था। उन्हें पूरा विश्वास है, कि जिस तरीके से पीएम मोदी और नीतीश कुमार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर एक तबके तक पहुंचाया है। इसका परिणाम सकारात्मक होगा।

आगे सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बिहार में हर घर तक बिजली पहुंची है। 96त्न लोगों तक हर घर नल का पानी पहुंचा है। हर एक वृद्धजनों के लिए 400 रुपए का पेंशन शुरू किया गया है। फसल क्षति की राशि देकर किसानों को होने वाले फसल क्षति के नुकसान से बचाया गया है। सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है। बिहार के आंगनबाड़ी से लेकर स्कूल ,कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे और बच्चियों के लिए सरकार अनगिनत योजनाएं चला रही है। इसलिए समाज के हर के लोग सरकार के साथ खड़ी है।

## भोजपुरी स्टार पवन सिंह बसपा से लड़ सकते हैं चुनाव

### राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती से की मुलाकात, काराकाट से चुनाव लड़ने का कर चुके हैं ऐलान


**पटना,एजेन्सी।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती से मुलाकात की हैं। संभावना जताई जा रहा है कि भोजपुरी एक्टर बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। दो दिन पहले ही उन्होंने काराकाट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। हालांकि, अब तक पवन सिंह की ओर से बसपा से टिकट मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसके पहले पवन सिंह को भाजपा ने आसनसोल से टिकट दी थी। लेकिन उन्होंने आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

## उमर अब्दुल्ला का बीजेपी को चैलेंज:कहा- कश्मीर में प्रत्याशी खड़े करें

### अगर सबकी जमानत जब्त नहीं हुई तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा

**श्रीनगर,एजेन्सी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा को चैलेंज दिया है। शुक्रवार (12 अप्रैल) को कहा कि भाजपा कश्मीर की तीनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। अगर उनकी जमानत जब्त नहीं हुई तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। न्यूज एजेंसी PTI से बातचीत में उमर ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है। आज आपातकाल जैसे हालात हैं, लेकिन इसे आपातकाल नहीं कह सकते। हमारा लोकतंत्र 1975 की इमरजेंसी की तुलना में ज्यादा खतरे में है। उमर ने कहा- बीजेपी आरोप लगाती है कि NC-PDP के जम्मू-कश्मीर में अच्छा काम नहीं किया। इस पर रिएक्शन देने की जरूरत नहीं है। लोग इसका जवाब देंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उमर अब्दुल्ला को बारामूला से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, शिया नेता आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी को श्रीनगर से टिकट दिया है। उमर ने कहा- आज लोकतंत्र उस समय की तुलना में ज्यादा खतरे में है। इंदिरा में तब चुनाव कराने का साहस था। उन्होंने चुनाव से पहले किसी को गिरफ्तार नहीं किया था।

## ग्रेनाइट से दबकर दो मजदूरों की मौत



- ट्रक से अनलोड करने के दौरान हुआ हादसा, मजदूर बोले- सुपरवाइजर जल्दबाजी करने लगे, क्रेन भी नहीं था

**पटना,एजेन्सी।** पटना के अटल पथ पर निर्माणधीन IT बिल्डिंग में एक हादसे में दो मजदूरों गौतम कुमार (35) और दिलखुश कुमार (28) की मौत हो गई। हादसा ट्रक से ग्रेनाइट उतारने के दौरान हुआ। मजदूरों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद परिजन उचित मुआवजे की मांग कर रहें है।

**खगड़िया के रहने वाले हैं दोनों :** दरअसल, बिल्डिंग में सुबह ग्रेनाइट से भरा हुआ ट्रक आया। ग्रेनाइट को अनलोड जा रहा था। क्रेन ना होने की वजह से कुछ मजदूर खुद ही ग्रेनाइट उतारने लगे। इसी दौरान ग्रेनाइट खिसक गया और दो मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई। दोनों खगड़िया के रहने वाले हैं।

वहां मौजूद एक महिला मजदूर ने बताया कि घटना में बाद एंबुलेंस को कॉल किया गया। लेकिन बहुत देर तक एंबुलेंस वहां नही पहुंचा। जिसके बाद वहां मौजूद मजदूरों और पुलिस वालों ने मिल कर ई रिक्शा पर दोनों को रख कर हॉस्पिटल भेजा गया।

### मुआवजे की मांग कर रहे हैं परिजन

मौके पर मौजूद रौशन राय ने बताया कि यहां सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसको भारत सरकार बनवा रही है। इस बिल्डिंग का काम रिद्धि कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। मजदूरों ने बताया कि ट्रक आने के बाद ही वहां के सुपरवाइजर ग्रेनाइट उतारने की जल्दबाजी करने लगे। बड़े बड़े ग्रेनाइट या टाइल्स को क्रेन के माध्यम से उतारा जाता है लेकिन यहां क्रेन की व्यवस्था नहीं थी। सुपरवाइजर के जोर-जबरदस्ती पर 5 से 6 मजदूर खुद इसको उतारने लगे। अभी मजदूरों ने ग्रेनाइट उतारना शुरू ही किया था तब तक ग्रेनाइट के नीचे रखा पाइप खिसक गया और सारा ग्रेनाइट एक तरफ दब गया, जिसमे दो मजदूर दब गए और उनकी मौत हो गई।

मृतक गौतम का भाई संदीप भी वहीं काम करता है, जो इस हादसे के बाद सदमे में है। कुछ बोल पाने में असमर्थ है। वहां मौजूद मजदूरों का कहना है कि कंपनी को काम करना है तो कराए लेकिन सुरक्षा मानकों का भी ध्यान रखे। कंपनी और सरकार आगे के जीवन यापन के लिए मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दे।



# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के पूर्व प्राचार्य को दी गई विदाई

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के सेवानिवृत्त प्राचार्य नसीर अहमद,रामशंकर प्रसाद,प्रधान लिपिक अब्दुल कलाम,सहायक शिक्षक रामदेव पंडित व कार्यालय परिचारी को शुक्रवार को भावपूर्ण विदाई दी गई।विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम के उद्घाटन एमएलसी प्रोफेसर वीरेंद्र नारायण यादव,शिक्षाविद अम्बिका प्रसाद,माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सचिव विद्यासागर विद्यार्थी पूर्व सचिव राजा जी राजेश,धर्मेंद्र कुमार समीर,अनीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के सभागार में प्राचार्य जयशंकर प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।पूर्व प्राचार्य नसीर अहमद,रमाशंकर प्रसाद के अलावे दो अन्य सेवानिवृत्त कर्मियों में रामदेव पंडित व शकुंतला देवी को भी विदाई दी गई।इन सभी को प्राचार्य जयशंकर प्रसाद गुप्ता व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि नौकरी में एक तय समय सीमा के अंदर सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित है।इन शिक्षकों ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा को एक नई ऊंचाई दी है। बच्चों के प्रति उनका लगाव समय पालन तथा अनुशासन के साथ-साथ शिक्षण व्यवस्था में इनके द्वारा किए गए सुधार को भुलाया नहीं जा सकता।ऐसे अनुभवी योग्य शिक्षक से शिक्षा जगत और समाज दोनों में एक बेहतर संदेश जाता है।माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने अपने संबोधन में पूर्व प्राचार्य समेत सेवानिवृत्त प्राध्यापकों के




कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनके योगदान को विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा। उन्होंने इनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस क्रम में सेवानिवृत प्राचार्य नसीर अहमद ने कहा कि इस ऐतिहासिक विद्यालय में कार्य करते हुए मुझे सदैव गर्व का अनुभव होता रहा है। यहां की यादों से जीवन भर जुड़ा रहूंगा। यहां की मधुर स्मृतियां मुझे सदैव पुलकित करती रहेंगी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनीश कुमार ने किया।।मौके पर मौजूद लोगों ने पूर्व प्रधानाचार्य के कार्यकाल की सराहना की।मौके पर पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय,माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव,अनीश कुमार, जयशंकर प्रसाद गुप्ता,नवीन प्रकाश, धर्मेंद्र कुमार,अजय कुमार,शालिनी सुमन,रिंकी कुमारी,नरेंद्र कुमार,दीपक कुमार,राजीव कुमार,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सचिव राजा जी राजेश,धर्मेंद्र कुमार समीर,अवकाश प्राप्त शिक्षक महात्मा प्रसाद गुप्ता, परमेश्वर प्रसाद, प्रचार्य विकाश कुमार,गजेंद्र राय समेत अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।



## हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रभात कुमार सिंह व ओम प्रकाश सिंह ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पटना हाई कोर्ट के जस्टिस प्रभात कुमार सिंह तथा जिला सेशन कोर्ट वैशाली के जस्टिस ओमप्रकाश सिंह सोनपुर पहुंचे ।सोनपुर पहुँचने पर भव्य स्वागत भाजपा नेता ओम सिंह सपरिवार ने किया । दोनो न्यायमूर्ति ने बाबा हरिहरनाथ में पूजा अर्चना किया पुनः माँ अम्बिका भवानी के लिए प्रस्थान कर गए । सोनपुर के बरबट्टा निवासी राजा साहब स्वर्गीय लगन देव बाबू के घर पहुंच कर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर लग्न देव बाबू के पोते राज सिंह ने दोनों न्यायमूर्ति समेत पूरी टीम को स्वागत किया ।सोनपुर और आमी परिभ्रमण के दौरान राज सिंह साथ रहे । ओम कुमार सिंह वरीय अधिवक्ता ,बाबू कुंवर दीप कुमार सिंह तथा ऋतुराज सिंह समेत कई चर्चित वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।



## हनुमान जी के प्राण प्रतिष्ठा 5 दिनों के कार्यक्रम को ले निकली भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/गड़खा(सारण)।** गड़खा प्रखंड के मुरौतपुर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा ब्रह्म बाबा स्थान के बंधन पूजनोत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम को लगभग कलश यात्रा शुक्रवार को निकाली गई। जिसने सैकड़ो महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।जो विभिन्न गांव से होते हुए आमी गंगा के तट पर पहुंचा।जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच ब्राह्मणों ने कलश में जल भरवाया। कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची।संजय तिवारी,विजय यादव,सुरेश राय, श्याम सिंह,अर्जुन सर,संतोष राय, पंकज राय, बीडीसी राकेश राय, अन्य आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई पांच दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार को पूजन कार्यक्रम रविवार को अखंड अष्टयाम एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा तथा रात्रि जागरण सोमवार से रामायण तथा मंगलवार को संपूर्ण रामायण पाठ अखाड़ा पूजन पूर्णाहुति एवं संध्या में भंडारा की आयोजन की जाएगी।




## उच्च विधालय काजीपुर के पूर्व प्राचार्य का निधन, विधालय मे शोकसभा का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज।** सदर प्रखण्ड के उच्च विधालय काजीपुर के पूर्व प्राचार्य सुरेश प्रसाद यादव का अचानक ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया । 61 वर्षीय सुरेश प्रसाद यादव कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे ।उनके निधन पर विधालय परिसर मे प्राचार्य संजय कुमार सिंह के नेतृत्व मे शोक सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विधालय के सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं एवं छात्र - छात्राओं ने स्व यादव के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रधासुमन अर्पित की। इस अवसर पर अपने संबोधन मे प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्व यादव कुशल व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे । उन्होने शिक्षण कार्य के साथ साथ सामाजिक जीवन मे भी महत्वपुर्ण भुमिका निभाई । स्व यादव शिक्षक नियुक्त होने से पुर्व राजनैतिक क्षेत्र मे भी महत्वपुर्ण भुमिका निभाई। वे छपरा नगर से दो बार वार्ड कमिश्नर के पद पर विजयी रहे थे साथ ही राजद युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी रहे।इस अवसर पर मुख्यरुप से शिक्षक डॉ रमेन्द्र प्रसाद, सुनिल कुमार, समाजसेवी रजनीश कुमार, पत्रकार दिग्विजय सिंह बब्लु सहित विधालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# महागठबंधन उम्मीदवार डॉ रोहिणी आचार्या ने सोनपुर में की रोड शो

**दैनिक खोज खबर /सोनपुर ।** सारण संसदीय क्षेत्र के महागठबंधन उम्मीदवार डॉ रोहिणी आचार्या ने शुक्रवार को सारण संसदीय क्षेत्र के सोनपुर पहुँचने पर सोनपुर विधायक डॉ रामानुज प्रसाद के साथ बजरंग चौक, रविदास चौक, देवी स्थान चौसिया,खरीका बाजार, खरीका चौक, बड़बिगहवा, पहलेजा घाट,कसमर आड़थ, सैदपुर अलीपुर, नर्सिंग स्थान,रहीमपुर, परमानंदपुर,मुरथान,चकअपसैद,इस्माइलचक, गोविंदचक मोड़,परमानंदपुर बाजार,शिवपुर, हरपुरनंद, चतुरपुर,महदलीचक में शुक्रवार को रोड शो के माध्यम से जनसंपर्क किया। रोड शो के दौरान उम्मीदवार को देखने के लिए समर्थकों का जन-सैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह उत्साहित लोगों ने गाजे-बाजे के साथ पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। डॉ रोहिणी आचार्या जगह-जगह महिलाओं और युवकों से बात की। साथ ही मतदाताओं से हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगते हुए चुनाव में भारी मतों से जीत दिलाने की अपील करते हुए क्षेत्र के विकास करने का भरोसा दिलाया।

## पहाड़पुर राधे कृष्ण मंदिर में हुई चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई चोर की तस्वीर

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के रसीदपुर पहाड़पुर में बने राधे कृष्ण मंदिर से अज्ञात चोरों ने गले का हार चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया हैजिसकी कीमती लाखो के बताई जा रही हैघ़टना के बाद मंदिर परिसर जानकारी एकत्रित हुए आस पास के ग्रामीण तथा कमिटी के लोगो ने बताया की एक बाइक पर सवार अज्ञात युवक पूरे तरह से हेलमेट पहनकर अपना चेहरा ढक कर आया और अंदर मंदिर से सोने की हार की चोरी कर आसानी से बाइक से फरार हो गयाव़हीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया की घटना की सूचना पर मंदिर पर जाकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही हैफिलहाल मंदिर के कमिटी के तरफ से कोई भी आवेदन नहीं दी गई है।





## आदर्श मध्य विधालय कदना मिठेपुर में पुस्तकोत्सव का आयोजन किया गया , बच्चों को निःशुल्क दी गई किताबें

**दैनिक खोज खबर/गड़खा।** सरकारी विद्यालयों में पुस्तकोत्सव का आयोजन कर नये सत्र में बच्चों को नयी किताब प्रदान किया गया। उत्सवी माहौल में बच्चे नयी किताब प्राप्त कर काफी खुश दिखे। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 से वर्ग पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच सभी विषयों के पुस्तकों को मुद्रित कराकर निःशुल्क वितरित किया गया है। इसक्रम में पुस्तक का वितरण बच्चों के बीच आदर्श मध्य विद्यालय कदना सह उच्च विधालय मिठेपुर कदना में अभिभावक एवं अधिकारीगण के उपस्थिति में किया गया। पुस्तकोत्सव कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। सभी बच्चों को विधि शाखा शिक्षा विभाग पटना की डॉक्टर गायत्री शाही द्वारा के द्वारा बैग किट व पाठ्य पुस्तक का सेट वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक भूषण कुमार सिंह,सुजीत कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, भुवनेश्वर प्रसाद ,राहुल, विवेक कुमार सिंह,मुकेश कुमार सिंह रिजवान अहमद आदि मौजूद थे।



## मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में सारण जिला के छात्र/छात्राओं का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा है। शुक्रवार को प्रेक्षा गृह में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इंटरमीडिएट के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में जिला में प्रथम दस स्थान पाने वाले छात्रों/छात्राओं को अलग अलग सम्मानित किया गया। उनके अभिभावकों को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहयोग देने को कहा। श्री समीर ने कई छात्रों एवं छात्राओं से उनके कैरियर को लेकर भविष्य की योजनाओं के पूछताछ किया तथा आवश्यक परामर्श भी दिया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त,जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के सभी डीपीओ एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाकपा ने महागठबंधन प्रत्याशी रोहिणी आचार्या को जिताने का लिया संकल्प

**दैनिक खोज खबर/मढौरा ( सारण ).**मढौरा भाकपा अंचल परिषद की बैठक बहुआरापट्टी में प्रो भूपेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुयी.बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव का रामबाबू सिंह ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, भारतीय संविधान कि रक्षा और सम्प्रदायिक सौहार्द्र के लिए महागठबंधन प्रत्यासी डा रोहिणी आचार्य को भरु मतों से जिताना हर कम्युनिस्ट कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए. इसलिए सभी कार्यकर्त्ता आज से ही इस मिशन में लग जाएँ और ज्यादा से ज्यादा मतों से रोहिणी आचार्य को सारण से जीता कर संसद में भेजे.बैठक में प्रो रजाक हुसैन, का भरत राय, का संजय सिंह, प्रेम सुन्दर मांझी, संजीव कुमार सिंह, डा नुसरत अली, ई शहादत हुसैन, मोहन प्रसाद, आदि उपस्थित थे.बैठक में सर्वप्रथम का तारकेश्वर सिंह, ,का शोभन रावत एवं का शिव प्रसन्न राम के निधन पर शोक प्रकट कर श्रद्धांजलि प्रकट किया गया।



# दाउदपुर में महाराजगंज लोकसभा स्तरीय एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर /मांझी (सारण)** मांझी प्रखण्ड के दाउदपुर स्थित महाराजा पैलेस में शुक्रवार को महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र स्तरीय एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एनडीए के विभिन्न घटक दलों के नेता व विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता लगनदेव तिवारी व संचालन उमेश तिवारी ने किया। इस दौरान दाउद्पुर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, अमर शहीद छठु गिरी, फागु गिरी व कामता गिरी के स्मारक व शिक्षक नेता स्व.बलिराम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बैठक में पहुंचे एनडीए प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं महाराजगंज क्षेत्र में हुए विकास की चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का है। जिसके लिए अनेक योजनाएं बनकर तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एकजुट होकर काम करने एवं विकास कार्यों की जानकारी हर मतदाताओं तक पहुंचाने व बूथ स्तर पर एनडीए की स्थिति और मजबूत करने का आह्वान किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने अबकी बार निवर्तमान सांसद सह एनडीए प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को पांच लाख से अधिक मतों से विजय दिलाने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में राम दयाल शर्मा, पूर्व विधायक गौतम सिंह, लोजपा नेता केशव सिंह, रालोमो नेता ओमप्रकाश कुशवाहा, हेम नारायण सिंह, शिवाजी सिंह, अमरजीत सिंह, कामेश्वर सिंह मुन्ना, हरिमोहन गुड्डू, राणा प्रताप सिंह डब्लू, अल्ताफ आलम राजू, क्रांति यादव, कादरी साहब, गंगोत्री बाबू, अनूप श्रीवास्तव, बीरेन्द्र ओझा, मनोज सिंह, सुनील सिंह, हसनैन अंसारी, मदन सिंह, नागेंद्र ठाकुर, रमाशंकर मिश्रा शांडिल्य, मनोज पांडेय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।





## लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर बीडीओ मशरक पंकज कुमार अरना पंचायत के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर पेयजल, रैंप, शौचालय, साफ सफाई, रौशनी आदि का निरीक्षण किया जा रहा है इस दौरान प्रधानाध्यापक को कई आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मौके पर शिक्षक संतोष सिंह, रहमत अली मसूरी समेत अन्य मौजूद रहें। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए वैसे भी इलाकों का निरीक्षण किया जा रहा है जहां मतदान प्रतिशत कम हैं वहां के मतदाताओं का विचार जाना जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## मारपीट में सात लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के नरहनी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मामूली कहासुनी व हाथापाई के बाद लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए । शोरगुल होने पर आसपास के लोगों के तत्काल मौके पर पहुंचकर किसी तरह मामले को शांत कराया। इसके बाद गांव के लोगों ने सभी घायलों को निजी वाहन से लाकर उपचार के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया। जहां छठ्ठी लाल बैठा, अंगद बैठा, आर्यन कुमार बैठा, पवनजीत बैठा, ललिता कुमारी.राजकुमारी देवी व शंकर साह आदि घायलों का उपचार चल रहा है।

## गर्मी शुरू होते पशुपालन विभाग सचेत, पशुपालको को दिया गया जरूरी सलाह

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक समेत जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है, गर्मी का असर इंसान के साथ-साथ मवेशियों के ऊपर भी दिखने लगा है। इस मौसम में पशुओं को लू लगने का खतरा बना रहता है साथ ही अधिक तापमान का असर दूध देने वाली मवेशियों पर होता है और उनके दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिसको लेकर प्रखंड पशुपालन विभाग सतर्क हो गया है। जिसको लेकर प्रखंड पशु चिकित्सालय के प्रभारी डॉ लक्ष्मी प्रियदर्शी ने बताया कि तेज लू के कारण मवेशियों को दिक्कत होती है जिसका नुकसान पशुपालकों को उठाना पड़ता है। ऐसे में पशुपालकों को इस समय पशुओं की उचित देखभाल करनी चाहिए। गर्मी के मौसम में पशुओं को दिन में 4-5 बार स्वच्छ एवं ठण्डे जल की पीने हेतु व्यवस्था करनी चाहिए। पानी की समुचित व्यवस्था होने पर सूर्यास्त के बाद पशुओं को स्नान भी करवा सकते हैं। पशुओं के आहार में पौष्टिक आहार सम्मिलित करना चाहिए।पशुओं को दिन में 2 बार गुड़ एवं नमक के पानी का घोल अवश्य पिलाना चाहिए। यदि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँच जाये तो पशुओं के आवास गृह की खिड़की, दरवाजों पर गीले परदे लगा देना चाहिए ताकि अंदर का तापमान कम रहे। इस मौसम में पशुओं को लू से बचाने के लिए उनके आवास गृह या शेड की व्यवस्था करनी चाहिए। वहीं दोपहर में पशुओं को छायादार वृक्षों के नीचे आराम कराना भी फायदेमंद रहता है।

## परिजन के साथ मंदिर आई किशोरी चकमा देकर हुई गायब

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा ।** अपने परिजन के साथ गढ़देवी मंदिर में पूजा करने आई एक किशोरी परिजनों को चकमा देकर गायब हो गी। मामले में पुलिस ने भेल्दी निवासी किशोरी के परिजन द्वारा लिखित आवेदन पर अपहरण का एक प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में पीड़ित महिला ने कहा है कि वे अपनी पुत्री के साथ गढ़देवी मंदिर में आयोजित गांव की एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। वह शादी समारोह में व्यस्त हो गई इसी दौरान उसकी पुत्री गायब हो गयी। बाद में पुछताछ में पता चला कि उसके गांव का बिट्टु कुमार ने अन्य के सहयोग से उसकी पुत्री का शादी की नियत से अपहरण कर लिया है। मामले में आवेदिका ने तेरस मांझी, फुल देवी ,बिक्की मांझी और सुमित्रा देवी को भी आरोपित किया है।

# अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम स्थल का मढ़ौरा एसडीओ ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक महम्मदपुर एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के कर्ण कुदरिया गोलम्बर पर स्थापित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 14 अप्रैल को आयोजित की जयंती कार्यक्रम स्थल का मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष मशरक धनंजय राय को उन्होंने कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मौके पर अम्बेडकर लोक सेवा संघ के अध्यक्ष रणधीर मांझी, जन वितरण प्रणाली संघ के अध्यक्ष प्रशांत सिंह, पूर्व मुखिया ललन मांझी, हरे राम यादव, मनोज राम, पप्पू यादव, अनिल राम, अमरजीत राम समेत अन्य मौजूद रहें। आपकों बता दें कि कर्ण कुदरिया गोलम्बर पर चौराहे पर स्थापित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर 14 अप्रैल को जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही है।



## रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरूवार की रात्रि क्षेत्र के चपरैठी गांव में सशस्त्र बल के साथ छापेमारी कर देशी कट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की,गिरफ्तार युवक चपरैठी गांव निवासी रंजीत बिंद का पुत्र सुदीश कुमार बिंद बताया जाता है।बताया जाता है कि पुअनि विमलेश कुमार गुरूवार को रात्रि गश्ती में थे तभी गश्ती के दौरान देर रात गुप्त सूचना मिली की सुदीश कुमार बिंद अपने घर में देशी कट्टा रखा है तत्काल छापेमारी करने पर हथियार के साथ उसकी गिरफ्तारी हो सकती है पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चपरैठी गांव पहुंच आरोपी के घर छापेमारी की तो पहले आरोपी ने आना कानी करना चाहा पर पुलिस जब कड़ाई से पेश आयी तो आरोपी ने अपने घर में रखे टिन के बक्से में कट्टे को छुपाकर रखने की बात स्वीकार किया पुलिस ने कट्टे को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## 17वीं राष्ट्रीय मिनी बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली बिहार टीम का चयन

**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा 17वीं मिनी बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली बिहार टीम का चयन 12 अप्रैल 2024 को हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ सिवान की सचिव सलमा खातून की देख-रेख में संपन्न हो गया। बताते चलें कि 21 अप्रैल 2024 से 24 अप्रैल 2024 तक मुंबई महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली 17वीं मिनी बालिका नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में बिहार टीम के गठन के लिए रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के खेल मैदान में हैंडबॉल एसोसिएशन आफ बिहार के महासचिव राणा प्रताप सिंह के पत्र संख्या 11 दिनांक 10 अप्रैल 2024 के निदेशानुसार हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान द्वारा इस चयन शिविर का आयोजन किया गया । इस चयन शिविर में बिहार सरकार की एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र मैरवा सहित कुल दो दर्जन खिलाड़ी शामिल रहे।इस चयन शिविर का प्रशिक्षण शिविर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में 13 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक आयोजित है।हैंडबॉल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू कुमारी द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तत्पश्चात अंतिम रूप से चयनित 10 खिलाड़ी पटना से मुंबई के लिए रवाना होंगी इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन आफ सिवान के अध्यक्ष रविशंकर पांडेय , सचिव सलमा खातून,कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, संरक्षक बसंत कुमार पाठक सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



# मोदी सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



**दैनिक खोज खबर/बडहरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एक मैरेज हाल में राजग कार्यकर्ताओं की बैठक जदयू प्रखंड अध्यक्ष माधव सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 2024 का चुनावी शंखनाद हो गया है। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से लगना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाएं। बूथ जीता-चुनाव जीता रणनीति के तहत कार्य करें। उन्होंने डबल इंजन सरकार की उपलब्धि को भी हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज से ही सभी कार्यकर्ता हर घर में पहुंचे और आम जनता में मोदी सरकार के काम को गिनाएं। इस मौके पर एनडीए प्रत्याशी विजया लक्ष्मी, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व विधायक श्यामबहादुर सिंह, पूर्व विधान पार्षद मनोज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह, महादेव पासवान, रिजवान अहमद, अनुरंजन मिश्रा, इंद्रदेव पटेल, मूर्तजा अली कैसर, राहुल तिवारी, वंदना कुशवाहा, अनिल गिरि, नागेंद्र सिंह पटेल, सुभाष सिंह, उमेश प्रधान, शिवनाथ कुशवाहा, मधुप मिश्र, विवेक मिश्र, हरजीत मांझी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राधाकृष्ण सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ से वातावरण हुआ भक्तिमय

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** गोरेयाकोठी प्रखंड के सादीपुर गांव में चल रहे नौ दिवसीय राधाकृष्ण सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में पूजा से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान पूजा अर्चना करने तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं जय श्रीराम, हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस मौके पर आयोजित रासलीला व प्रवचन सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार की शाम प्रवचन के दौरान अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक आचार्य रामाशंकर दास रामायणी ने भगवान श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने ने कहा कि भगवान राम ने माता-पिता की आज्ञा समेत गुरु, पत्नी, भाई, मित्र, पुत्र, प्रजा तथा भक्तों के प्रति स्नेह पर प्रकाश डालते हुए इस पर अमल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति भगवान के आदर्शों को



अपने दिल में उतारे तो परिवार, समाज में कहीं कोई क्लेश नहीं रह जाएगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने दुख से कम, लेकिन दूसरे के सुख से अधिक दुखित रहता है। इस भावना को त्यागना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति कम साधन में भी सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने लोगों को सांसारिक सुखों का त्याग कर भगवान श्रीराम की भक्ति में रमने की सलाह दी। इस मौके पर कथावाचक गोविंद मुदगल, आचार्य मनीष भारद्वाज, महंत रामलाल दास महाराज भी अपने उद्गार से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। इस मौके पर काशीनाथ सिंह, मिथिलेश महाराज, रामदेव प्रसाद, नागेंद्र सिंह, विनय महाराज, ब्रजभूषण तिवारी, अरविंद सिंह, राजन सिंह, आनंद तिवारी, प्रेमचंद महाराज समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के बलहां अलीमर्दनपुर गांव की एक महिला ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित व मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में शकील अहमद की पत्नी शम्मा परवीन ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर अपने भसुर अली इमाम, सास, गोतनी सहित आठ लोगों को आरोपित किया है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है।

## 8 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या:शादी समारोह में गई थी

### अररिया में सुबह खेत में मिली लाश; एक आरोपी गिरफ्तार

**अररिया,एजेन्सी।** अररिया के रानीगंज थाना क्षेत्र में आठ साल की बच्ची से रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई। बच्ची का शव शुक्रवार को मकई के खेत में मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्त्रस्रुकी टीम भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है। वहीं, इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को उनके पड़ोस में एक शादी समारोह था। उसमें बच्ची के साथ सभी गए थे। देर रात आंधी तूफान आने के बाद वो लोग घर वापस आ गए। बच्ची शादी देखने की जिद करने लगी तो उसे वहीं छोड़ दिया।

**शादी समारोह में गई थी मासूम :** परिजन ने बताया कि देर रात तक वह घर नहीं पहुंची तो उन लोगों को लगा कि वह शादी समारोह वाले घर में ही कहीं सो गई होगी। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने भूसा घर के पीछे मकई के खेत में कुत्ते को चिल्लाते देखा। जिसके बाद स्थानीय लोग वहां पहुंचे तो बच्ची मृत अवस्था में पड़ी मिली।

**रेप कर हत्या की आशंका जता रहे परिजन :** घटना को लेकर स्थानीय लोगों और परिजनों के बीच कोहराम मचा है। परिजन रेप के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। भाई ने बताया कि सुबह पता चला कि घर में बच्ची नहीं है। खोजना शुरू किया। कुत्ते के सहारे बच्ची तक पहुंचे। बच्ची के साथ रेप किया गया फिर उसकी हत्या की गई है। उसका जीभ बाहर निकला था।

**दूर के रिश्तेदार पर आरोप :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राम पुकार सिंह ने बताया कि दूर के संबंधी ने ही घटना को अंजाम दिया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम जांच कर रही है। रानीगंज थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला रेप के बाद हत्या का लग रहा है। बाकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

## बेतिया के 93 शिक्षकों के योगदान की स्वीकृति नहीं

### 13 अप्रैल को पटना में किया जाएगा बायोमेट्रिक मिलान, गड़बड़ी पाए जाने पर गिरेगी गाज

**बेतिया,एजेन्सी।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षकों की आयोजित प्रथम चरण की पूरक और द्वितीय चरण में बहाल जिले के 93 शिक्षकों के योगदान की स्वीकृति अभी तक नहीं मिल पाई है। विभागीय पोर्टल पर अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाने के कारण ऐसे सभी 93 शिक्षकों को पटना तलब किया गया है। आज यानी की 13 अप्रैल को संबंधित शिक्षकों को अपने सभी शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ पटना जाना होगा। यहां समिति के समक्ष उनके प्रमाण-पत्रों की जांच के साथ बायोमेट्रिक मिलान किया जाएगा। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने की स्थिति में ही उनके योगदान को स्वीकृति मिल सकेगी।

**समिति के समक्ष उपस्थित नहीं होने वाले शिक्षक खुद होंगे जिम्मेदार :** डीपीओ स्थापना योगेश कुमार ने बताया कि निर्धारित तिथि और समय पर समिति के समक्ष उपस्थित नहीं होने वाले शिक्षक इसके लिए खुद जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित शिक्षकों की इसकी जानकारी दे दी गई है। अगर इसके बावजूद भी कोई शिक्षक पटना नहीं जाते हैं तो उन्हें योगदान की स्वीकृति नहीं मिल सकेगी।

**दूसरे चरण में नियुक्त हुए थे 4340 शिक्षक :** बता दें कि बिहार लोक आयोग की शिक्षक भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के दो चरणों में जिले में 8575 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। इसमें प्राथमिक से लेकर प्लस टू स्तर तक के शिक्षक शामिल हैं। पहले चरण में जिले में 4235 शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। इसमें पहली से 5वीं, नौवीं दसवीं और प्लस टू स्तर के ही शिक्षक नियुक्त हुए थे। जबकि दूसरे चरण में 4340 शिक्षक नियुक्त किए गए थे। इसमें पहली से 12वीं कक्षा तक के शिक्षक शामिल थे। नवनियुक्त शिक्षकों के बीच 2 नवंबर और 13 जनवरी को समारोह पूर्वक औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे। बाद में उन्हें स्कूल आवंटित कर नए स्कूलों में योगदान का निर्देश दिया गया था।

# विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

### हजारों की संख्या में शामिल हुए महिला एवं पुरुष श्रद्धालु

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख्तर/सिवान।** शुक्रवार पचरुखी प्रखंड क्षेत्र के उखई गांव में नवनिर्मित विश्वकर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हाथी घोड़ा,बैंड पार्टी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में करीब 1100 कुंवारी कन्या शामिल थी।कलश यात्रा विश्वकर्मा मंदिर से होते हुए आँखोंपुर,ओरमा होते हुए बासोपाली गांव स्थित बाड़ गंगा दाहा नदी के किनारे पहुंचा,जहाँ प्रयागराज से आए विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्र चरण के बाद कन्याओं ने कलश में जल भरकर पुनः बिंदुसार रसूलपुर होते हुए मंदिर परिषद पहुंचे।यहां पहुंचने के बाद विश्वकर्मा मंदिर में पूजा का कार्यक्रम



शुरू हो गया।बतादें कि यह यज्ञ पांच दिवसीय रहेगा जिसमें बिभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित है।मौके पर महुआरी पंचायत के सरपंच रूबी देवी,मुखिया आभा देवी,मुखिया प्रतिनिधि चेतन सिंह,पूर्व मुखिया नागेंद्र सिंह,जिला परिषद वंदना कुशवाहा,ब्याश शर्मा,सुभाष कुशवाहा,हेमंत कुशवाह,सुनील शर्मा,अनिल शर्मा,विकास शर्मा, सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# बच्चों के बीच बैग एवं पुस्तक का वितरण

**दारौंदा (सिवान) :** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के बीच पुस्तक एवं बैग का वितरण शुरू हो गया है। इस दौरान शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर में प्रधानाध्यापक रवींद्र कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरही में प्रधानाध्यापक उमेश कुमार शर्मा, मध्य विद्यालय सतजोड़ा में दीपक कुमार सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रानीबारी में धनंजय उपाध्याय, माध्यमिक विद्यालय के बैदापुर-विशुनपुरा में विनय कुमार, मध्य विद्यालय दारौंदा में प्रधानाध्यापक लालबाबू सिंह, माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालय नंदा टोला में कमलेश्वर प्रसाद सिंह, नया प्राथमिक विद्यालय बंसवरिया टोला में भागमुनी कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमसापुर में जितेंद्र सिंह, माध्यमिक विद्यालय सर्वोदय रामगढ़ा में पीयूष कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों में कक्षा एक, दो व तीन के बच्चों के बीच पुस्तक व बैग का वितरण किया गया। इस संबंध में बीईओ शिवजी महतो ने बताया कि अन्य वर्ग के बच्चों को सिर्फ पुस्तक उपलब्ध कराया जाएगा।

## शराब पीकर हंगामा कर रहा एक गिरफ्तार

**सिवान।** चैनपुर थाना की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह शराब पीकर हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बिरती निवासी हिम्मत कुमार पांडेय रूप में हुई है। पुलिस द्वारा उसका मेडिकल जांच कराने के बाद शराब पीने की पुष्टि होने पर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

## प्रभातफेरी निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**सिवान :** तरवारा स्थित मजहरूल हक डिग्री कालेज के एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान विभिन्न गांवों में प्रभातफेरी निकाल लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक व प्रेरित किया गया। साथ ही मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रभातफेरी प्राचार्य डा. सुबोध कुमार की देखरेख में निकाली गई। इस दौरान प्रभातफेरी में शामिल छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता गीत भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जाति, धर्म से ऊपर उठ कर निष्पक्ष और निडर होकर मतदान करने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अवधेश शर्मा, प्रो. पारसनाथ सिंह, प्रो. शंभूनाथ प्रसाद, प्रो. नंदकिशोर प्रसाद, डा. रूपेश कुमार सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. निशिकांत शाही, प्रो. मनोरमा कुमारी सहित अन्य शिक्षक व शिक्षण कर्मी तथा छात्र-छात्राएं शामिल थीं।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के लकड़ी हिंदी स्कूल के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल का उपचार स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में कराया गया। घायल युवक गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के चमनपुरा निवासी सुनील सिंह का पुत्र जीतू कुमार बताया जाता है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत गिरकर घायल हो गया।

# शिव मंदिर का ताला तोड़ अष्टधातु की मूर्तियां चोरी

**सिवान ।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिवान-आंदर मुख्य मार्ग पर हुसैनगंज चट्टी के समीप स्थित शिव मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने देवी-देवताओं की अष्टधातु की मूर्ति चुरा ले गए। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ गया। लोगों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इस संबंध में स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब वे लोग अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है। मंदिर के अंदर देखने पर पाया गया कि मंदिर में रखी भगवान गणेश, माता पार्वती और कुबेर महाराज की अष्टधातु की मूर्तियां गायब थी। दुकानदारों के अनुसार जिन श्रद्धालुओं की मनौतियां पूर्ण होती हैं, वे लोग छोटी-छोटी मूर्तियां मंदिर में दान करते हैं। वहीं मूर्तियां चोरी हुई है। चोरी की गई मूर्ति की कीमत करीब आठ से दस हजार रुपये बताई जाती है। समाचार प्रेषण तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। वहीं थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने के मामले में प्राथमिकी

हुसैनगंज (सिवान) : इंटरनेट मीडिया पर आइडी से आपत्तिजनक वीडियो बनाकर इंस्ट्राग्राम पर प्रसारित करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर जुड़कन गांव मे छापेमारी कर राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जब उसकी आइडी की जांच की गई तो पाया गया कि उसने इंस्ट्राग्राम पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने हेतु दूसरे धर्म के पोशाक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए भड़काऊ पोस्ट प्रसारित किया है। जो सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए संज्ञेय अपराध है। मामले में उसके विरुद्ध प्राथमिकी कर थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया।

# चोरी की दो बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**सिवान।** असांव थाना की टीम ने गुरुवार की रात पिहुली मोड़ के समीप वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो बाइक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार चोरों की पहचान असांव निवासी कन्हैया मिश्रा, गोविंदा बांसफोड़ तथा सुनील बांसफोड़ के रूप में हुई है। एएसआइ रामचंद्र पासवान ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ पिहुली मोड़ के समीप वाहन जांच कर रहे थे। इस क्रम में दो बाइक पर सवार तीन लोग पुलिस को देख भागने लगे। तभी पुलिस ने उक्त तीनों लोगों को पकड़ लिया। साथ ही गिरफ्तार लोगों के पास से दो बाइक जब्त की। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोरों की पहचान असांव निवासी निवासी कन्हैया मिश्रा, गोविंदा बांसफोड़ एवं सुनील बांसफोड़ के रूप में हुई है। तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

## अलग- अलग गांवों में हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट मामले में थाना में अलग-अलग प्राथमिकी कराई गई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बड़कागांव के बलहा टोला में हुई मारपीट मामले में श्रीराम राय के आवेदन पर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में पड़ोसी रामजन्म राय एवं उनके पुत्र विक्की राय को आरोपित किया गया है। वहीं चोरामा गांव में हुई मारपीट मामले में गांव के ही मुकेश महतो के आवेदन पर श्याम बाबू, राहुल कुमार, राजवंती देवी एवं चांदनी कुमारी को आरोपित किया गया है तथा राजवंती देवी के आवेदन पर मुकेश महतो एवं बिंदु देवी के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## हृदयगति रुकने से प्रखंड नाजिर का निधन, शोक

**हसनपुरा (सिवान) :** हसनपुरा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रखंड नाजिर बालक कुमार का निधन गुरुवार की रात हृदयगति रुकने से हो गया। वे करीब 48 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रखंड के पदाधिकारियों व कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वजनों ने बताया कि बालक कुमार गुरुवार की देर शाम भोजन करने के बाद सो गए थे। तभी देर रात हृदयगति रुकने से उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक को दो पुत्र है। नाजिर के निधन पर बीडीओ राजेश्वर राम की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में मनरेगा पीओ अरविंद कुमार दास, बीसीओ मिथिलेश कुमार, अंचल नाजिर व प्रधान लिपिक के अलावा सभी कार्यपालक सहायक, आवास सहायक, विकास मित्र सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## गुठनी में बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/गुठनी(सारण)।** बिजली विभाग द्वारा थाना क्षेत्र के पडरी पंचायत स्थित ताड़का गांव में चोरी से बिजली जला रहे एक व्यक्ति पर विद्युत चोरी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत कार्यपालक अभियंता सीवान के निर्देश के आलोक में विद्युत कनीय अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा गुठनी संतोष सावंत की अध्यक्षता में पांच कर्मचारियों की एक छापेमारी टीम गठित कर गुठनी के ताड़का गांव में औचक छापेमारी के क्रम में उपभोक्ता पारस यादव पिता गया यादव को विभाग द्वारा स्थापित मीटर को बाई पास कर अन्य तार के माध्यम से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। छापेमारी दल में कनीय अभियंता गुठनी के अलावे मानव बल प्रमोद कुमार पाण्डेय, अमर नाथ बैठा, बिजेंद्र मिश्रा और अरुण कुमार भाग ले रहे थे। कनीय अभियंता संतोष सावंत ने विभागीय प्रक्रिया के तहत पारस यादव को आरोपित करते हुए गुठनी थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# देसी कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

### गोपालगंज में लोडेड हथियार के साथ घूम रहा था, पूछताछ के बाद भेजा जेल

**गोपालगंज,एजेन्सी।** गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के हरदो मठिया गांव के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। वही पुलिस ने बरामद हथियार को जब्त करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान हरदो मठिया गांव निवासी सुवाष सिंह के बेटा रिशु सिंह के रूप में की गई।

**गिरफ्तार युवक पर आर्म्स एक्ट समेत कई मामले दर्ज :** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि कुचायकोट थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी की हरदो मठिया गांव में एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर कुचायकोट थानाध्यक्ष सुनील कुमार अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक से पूछताछ की गई। साथ ही तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास रखे एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। फिलहाल गिरफ्तार किए गए अभियुक्त से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर कुचायकोट और विशंभरपुर थाना में आर्म्स एक्ट समेत कई मामले दर्ज है।

# बाइक व मिनी पिकअप की जोरदार टक्कर में घायल बाइक चालक की मौत

**सिवान ।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के आंदर-सिवान मुख्य मार्ग पर जुड़कन मोड़ के पास गुरुवार की शाम बाइक व मिनी पिकअप की आमने सामने की जोरदार टक्कर में बाइक एवं पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही बाइक चालक नगर थाना के लक्ष्मीपुर निवासी विपिन राम और पिकअप चालक भी बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों को घायल को इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों घायलों को गोरखपुर रेफर कर दिया। किन्तु रास्ते में ही विपिन राम की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि छः महीने पूर्व ही विपिन की शादी हुई थी।